सोहरैया पंचायत में पंचायत विकास दिवस एवं विशेष ग्राम सभा का आयोजन

डीएम ने टीबी से ग्रसित 8 मरीजों के बीच फूड बास्केट का किया वितरण, स्वास्थ्य उपकेंद्र का भी किया निरीक्षण

जहानाबाद। जिलाधिकारी छिरिड़ वाई भूटिया के नेतृत्व में रविवार को रतनी फरीदपुर प्रखंड अंतर्गत सोहरैया पंचायत के पंचायत सरकार भवन में विकसित भारत समृद्ध बिहार अभियान के तहत पंचायत विकास दिवस एवं विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी से ग्रसित 8 मरीजों के बीच फूड बास्केट का वितरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायत विकास दिवस एवं विशेष ग्राम सभा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को सुनना तथा संबंधित पदाधिकारियों के माध्यम से उनका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करना है।





उन्होंने ग्रामीणों से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। जिलाधिकारी ने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सब्सिडी आधारित सोलर प्लांट योजना की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को अपने घरों में सोलर प्लांट स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, उन्होंने युवाओं से प्रखंड स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने की अपील की, ताकि वे जिला स्तरीय युवा उत्सव में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि युवा उत्सव प्रतिभाशाली युवाओं एवं कलाकारों को अपनी कला और हुनर प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। जिलाधिकारी ने पंचायत सरकार भवन स्थित पुस्तकालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों, वाई-फाई सुविधा, विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए कुर्सी-मेज तथा साफ-सफाई की नियमित संचालन रविवार को भी सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों की सुविधा के लिए एक कंप्यूटर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, पंचायत सरकार भवन में सोलर प्लांट स्थापित करने का भी निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने पंचायत सरकार भवन परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। व्यवस्था का जायजा लिया और उपलब्ध व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को पुस्तकालय का व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित जनसंवाद में जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उनका नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को मद्य निषेध एवं नशामुक्ति अभियान के तहत नशामुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई गई। सभी ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

इसके उपरांत उन्होंने स्वास्थ्य उपकेंद्र, सौहरेया का निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उक्त अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष अभिषेक रंजन उर्फ सोनू राधे, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा रोहित कुमार मिश्रा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी राज कुमार सिन्हा, अधीक्षक सदर अस्पताल, प्रखंड विकास पदाधिकारी रतनी फरीदपुर, सोहरैया पंचायत के मुखिया सहित अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

मंडल कारा परिसर से फरार कैदी रोहतास से गिरफ्तार

काको, जहानाबाद। मंडल कारा काको के परिसर से चिकित्सकीय जांच के दौरान फरार हुए 22 वर्षीय कैदी रामबाबू को पुलिस ने रोहतास जिले के नावाडीह गांव स्थित उसके ससुराल से गिरफ्तार कर लिया। वह अरवल जिले के बैदराबाद गांव का निवासी है। जानकारी के अनुसार, अरवल थाने में दर्ज एक मामले में गिरफ्तार रामबाबू को अरवल पुलिस मंडल कारा काको में दाखिल कराने बुधवार को लाई थी। इसी दौरान जेल परिसर में चिकित्सकीय जांच के क्रम में वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। घटना के बाद चौकीदार अश्विनी कुमार के बयान पर स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। कैदी के फरार होने की घटना ने जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की निगरानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चिकित्सकीय जांच के दौरान पुलिस अभिरक्षा से कैदी का भाग निकलना सुरक्षा में गंभीर चूक को दर्शाता है। हालांकि, पुलिस ने 36 घंटे के भीतर उसे गिरफ्तार कर लिया, लेकिन इस घटना ने कैदी की निगरानी और सुरक्षा के इंतजामों पर सवाल छोड़ दिए हैं। पुलिस के अनुसार मामले में अग्रेतर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

खूनी व बादी बवासीर में बेहद असरकारक
अर्शवेदा कैप्सूल


सुविचार
दूसरों को समझना बुद्धिमानी है, और खुद को समझना असली ज्ञान है।
• 100% आयुर्वेदिक • सुरक्षित • असरदार
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg | amazon | Flipkart

शकूराबाद थाना क्षेत्र से युवक लापता

रतनी, जहानाबाद। प्रखंड के शकूराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत लालूबिघा गांव निवासी विकास कुमार के लापता होने का मामला सामने आया है। युवक के भाई राकेश कुमार ने शकूराबाद थाना में आवेदन देकर अपने भाई को खोजने की गुहार लगाई है। आवेदन के अनुसार, विकास कुमार, पिता बबन सिंह, 22 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब 8 बजे दुकान का सामान खरीदने के लिए जहानाबाद गए थे। इसके बाद वे घर वापस नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की, लेकिन 23 अक्टूबर तक उनका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों के अनुसार, विकास कुमार की उम्र करीब 28 वर्ष है। उनकी लंबाई लगभग 5 फीट 6 इंच, रंग सांवला, बाल काले और शरीर सामान्य है। लापता होने के समय उन्होंने हरे रंग की शर्ट और ट्राउजर पहन रखा था। आवेदन मिलते ही शकुराबाद की पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है।

टेंपो पर बकरी लादकर भाग रहे दो युवक गिरफ्तार

काको, जहानाबाद। स्थानीय थाना क्षेत्र के सफेपुर गांव के समीप टेंपो पर बकरी लादकर भाग रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सातनपुर गांव निवासी धीरज कुमार और औलियाचक गांव निवासी सुधांशु कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि दोनों युवक सफेपुर गांव के समीप टेंपो पर बकरी लादकर भाग रहे थे। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि बकरी चोरी के मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपितों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।


आपके लिवर और पाचन स्वास्थ्य का भरोसेमंद साथी
DYNAMIC
SUPER SPECIALITY
LIVER & GASTRO CENTRE
डॉ सौरभ जायसवाल
DM Hepatology
CMC Vellore
सही जाँच सही ईलाज बेहतर जीवन
हमारी सेवाएँ
★ लिवर एवं पाचन रोग विशेषज्ञ परामर्श
★ फाइब्रोस्कैन (लिवर स्टिफनेस एवं फैट)
★ एंडोस्कोपी (उपरी जठरांत्र जाँच)
★ कोलोनोस्कोपी (बड़ी आँत की जाँच)
★ लिवर बायोप्सी
★ हेपेटाइटिस (B & C) की जाँच एवं इलाज
★ फैटी लिवर, सिरोसिस एवं लिवर फेल्योर प्रबंधन
★ पीलिया, गैस, एसिडिटी, IBS, IBD, कब्ज, दस्त आदि का उपचार
उन्नत जाँच सटीक निदान विशेषज्ञ देखभाल
फाइब्रोस्कैन
अब उपलब्ध बिना दर्द बिना सुई
एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोनी
उच्च गुणवता एंडोस्कोपी यूनिट
लिवर बायोप्सी
एवं अन्य उन्नत प्रकियाएँ उपलब्ध
OPD परामर्श उपलब्ध
सुबह 9 बजे से रात्रि 7 बजे तक रविवार बंद
अभी कॉल करें। 6206071186
पता - पटेल पथ, मजार गली, राजा बाजार, पटना-800014



दादपुर गांव में बंद घर से 10 लाख की चोरी

हुलासगंज, जहानाबाद। थाना क्षेत्र के दादपुर गांव में अज्ञात चोरों ने बीती रात एक बंद घर को निशाना बनाते हुए करीब 10 लाख रुपये के सामान की चोरी कर ली। घर में ताला लगा होने के कारण चोरों ने आसानी से वारदात को अंजाम दिया और कीमती सामान लेकर फरार हो गए। गांव में लगातार दूसरी रात चोरी की घटना सामने आने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लोग अपने घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। मिली जानकारी के अनुसार, दादपुर गांव निवासी भोला शर्मा इन दिनों पटना में अपनी बेटी के घर रह रहे थे, जबकि उनका बच्चा दिल्ली में नौकरी करता है। इस कारण गांव स्थित उनके मकान में ताला लगा हुआ था। घर में किसी के मौजूद नहीं रहने का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार की सुबह भोला शर्मा के भाई रमेश शर्मा नल-जल योजना के तहत पानी की आपूर्ति की स्थिति देखने के लिए उधर गए थे। इसी दौरान उन्होंने अपने भाई के मकान का दरवाजा खुला देखा। घर का दरवाजा खुला देखकर उन्हें किसी अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद उन्होंने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। घर की स्थिति देखकर लोगों ने तत्काल भोला शर्मा को टेलीफोन के माध्यम से घटना की जानकारी दी।



सूचना मिलने के बाद भोला शर्मा घर पहुंचे और अंदर जाकर सामान की जांच की। उन्होंने बताया कि घर से गहने समेत करीब 10 लाख रुपये मूल्य का सामान गायब है। हालांकि, चोरी गए सामान का विस्तृत ब्योरा सामने आने के बाद ही नुकसान का सही आकलन हो सकेगा। चोरी की घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच की।

पुलिस ने घर की स्थिति का जायजा लेते हुए चोरी से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटाई। गौरतलब है कि दादपुर गांव में चोरी की घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, इससे पहले परसों रात शिवशंकर शर्मा के घर में भी चोरी की घटना हुई थी। उस घटना से ग्रामीण अभी उबरे भी नहीं थे कि बीती रात चोरों ने भोला शर्मा के बंद मकान को निशाना बना लिया। लगातार दो रातों में चोरी की घटनाएं होने से ग्रामीणों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से गांव में रात्रि गश्ती बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है।

Manah
INSTITUTE OF PSYCHIATRY AND BEHAVIOURAL SCIENCES
समझ | सहारा | संबल

मन की बात, हमारे साथ
मानसिक स्वास्थ्य है, तो जीवन है। आइए, मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।
हमारी सेवाएं
मानसिक समस्याएं
• व्यवहार में परिवर्तन
• शंका या भ्रम
• मिर्गी आना
• बिना कारण हँसना, चिड़चिड़ापन
• आत्महत्या की इच्छा
• बार बार गुस्सा करना / लड़ाई करना
• अकारण घबराहट, बेचैनी
• डिप्रेशन / एंजायटी
बच्चों की मानसिक समस्याएं
• पढ़ाई में पिछड़ जाना
• मंद बुद्धि
• याद नही करना/ याददाश्त में कमी
नशे की समस्या
शराब, अफीम, हेरोइन, गांजा, चरस, नशे की सुई / गोली एवं स्मैक
सर दर्द माइग्रेन
नस रोग संबंधित समस्या
सेक्स संबंधित समस्या

डॉ. अर्चना सिंह
(MBBS, MD Psychitry, DPM-CIP Kanke, Ranchi)
माइग्रेन और सिरदर्द विशेषज्ञ | मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विचार विशेषज्ञ | व्यक्तिगत देखभाल, समझ और सहारा
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
7543976796 | 7759945555
@manah.health | manahcare
पता: HIG X-9, आशियाना नगर, मेन रोड, ऑपोजिट जगत एलक्लेव, पटना - 800025
आपका मानसिक स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता। सही समय पर सही मदद लें।

JOINTVEDA®
AYURVEDIC PAIN RELIEF OIL
POWER OF 18 HERBS
FOR JOINT & MUSCULAR PAINS


POWER OF 18 HERBS
AYURVEDIC PAIN RELIEF OIL
FOR JOINT & MUSCULAR PAINS
100 ml
Customer Care : 9628078000
www.rphealthgroup.com
Also available at TATA 1mg | amazon | Flipkart

गायत्री महायज्ञ के साथ प्रतिभा पल्लवन मिशन स्कूल (किट्स) की नयी शाखा का भव्य शुभारंभ

बच्चों को आधुनिक और सुरक्षित शैक्षणिक परिसर का मिलेगा लाभ : डॉ एसके सुनील

जहानाबाद। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर जहानाबाद में शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ा। राजा बाजार स्थित सर गणेश दत्त नगर, रोड नं. 1, बाजार समिति के उत्तर-पश्चिम भाग में अवस्थित जयपुर हाउस में प्रतिभा पल्लवन मिशन स्कूल (किट्स) की नई शाखा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार, गायत्री महायज्ञ एवं पूजा-अर्चना के साथ विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। इस पावन अवसर पर विद्यालय के संस्थापक डॉ. एसके सुनील ने बताया कि इस नई शाखा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा के साथ संस्कार की परिकल्पना को साकार करना है। यज्ञ के दौरान विद्यालय की निरंतर उन्नति, छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य, राष्ट्र निर्माण और समाज में नैतिक मूल्यों के विकास के लिए विशेष आहुति एवं मंगलकामना की गई।



विद्यालय के संरक्षक राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉक्टर इंदु कश्यप ने आशीर्वचन दी। कार्यक्रम में हम पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. बीरेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी संतोष श्रीवास्तव सहित जिले के कई प्रबुद्ध शिक्षाविद, गणमान्य नागरिक, अभिभावकगण एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्या नीतू कुमारी ने सभी आगत अतिथियों का स्वागत किया। उपस्थित अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिभा पल्लवन मिशन स्कूल (किट्स) ने अल्प समय में ही जहानाबाद में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कार युक्त वातावरण के लिए अपनी एक अलग पहचान बनाई है। नई शाखा के खुलने से राजा बाजार, वेंकटेश्वर नगर, गणेश दत्त नगर क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक और सुरक्षित शैक्षणिक परिसर का लाभ मिलेगा। अंत में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षाविद विद्यालय अध्यक्ष डॉ एसके सुनील द्वारा सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




शराब बेचने और निर्माण के आरोप में युवक गिरफ्तार

मखदुमपुर। थाना की पुलिस ने शराब बेचने और निर्माण करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान चंदई गांव निवासी मिथलेश मांझी उर्फ टेनी के रूप में हुई है। मामले की जानकारी देते हुए मखदुमपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने कुछ दिन पूर्व उसके घर से शराब बरामद किया था। इस मामले में वह फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के विरुद्ध विधिसम्मत अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

PAARTH CHILD CARE
Complete Child Care & Vaccination Centre

डॉ. संजीव कुमार सुमन
नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
MBBS, MD (PEDS), Neonatologist, PGPN(BOSTON), MIAP
Senior Consultant
Medibless Hospital & Shivam Hospital, Patna
Ex-Consultant - ESIC Hospital, New Delhi
उपलब्ध सुविधाएं
आधुनिक NICU, PICU, संपूर्ण टीकाकरण, पैथोलॉजी
नेब्युलाइजर, ऑक्सीजन एवं पल्स ऑक्सीमीटर
संपर्क करें यदि बच्चा निम्नलिखित लक्षणों/बीमारियों से पीड़ित है
भूख कम या नही लगना, वजन नही बढ़ना, उल्टी, दस्त, पेट में दर्द, पेट फुलना, निमोनिया, दमा, सर्दी, खाँसी, बुखार, टी बी, दिल में छेद एवं हृदय संबंधी बीमारी, मोटापा, बौनापन, हार्मोन संबंधित बीमारी, पेशाब में जलन, कम या ज्यादा होना, बिस्तर पर पेशाब करना, दिमागी तौर पर कमजोरी, सिर का बड़ा या छोटा होना, नवजात शिशु का समय से पहले होना, कमजोर होना।
शिशु बच्चे एवं किशोर का संपूर्ण टीकाकरण एवं समस्त रोगों का समुचित ईलाज
पता - NC 105, SBI Officers Colony, Opposite Lohia Nagar
Mount Carmel School, गायत्री मंदिर रोड,
P. C. Colony, कंकड़बाग, पटना -20
9315625007, 9153136802

Expert Care for a Healthier Tomorrow
Healwell Hospital
Nurturing Kidneys, Enhancing Lives!
A Unit of Shree Ram Chandra Urology Centre

Kidney Care
Advanced Technology
Urological Treatments
Compassionate Care
Healthy Kidneys
Brighter Tomorrows
Expert Urological Care for a Better, Healthier Life.
Dr. Vijay Shankar Prasad Singh (Urologist & Kidney Expert)
MBBS, MS (Gold Medalist), DNB (General Surgery)
FMAS, DrNB (Urology)
Kidney Stone Treatment
Prostate Care
Urinary Tract Infections (UTI)
Andrology & Male Health
Laparoscopic Urology
Address : P. K. Complex, Beside Central Bank, Rukanpura, Patna-14
Contact : 7481912333, 9204089636